प्रादेशिक समाचार
दिनांक–19.03.2024 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

- निर्वाचन आयोग के आदेश के बाद गृह सचिव अरवा राज कमल प्रभार से मुक्त, राज्य के नए गृह सचिव के लिए चुनाव आयोग को भेजा गया तीन नामों का पैनल।
- झारखंड लोक सेवा आयोग–जेपीएससी ने ग्यारहवीं सिविल सेवा पीटी परीक्षा को लेकर अभ्यर्थियों पर लगाया षड्यंत्र और परीक्षा बाधित करने का आरोप, 21 पर प्राथमिकी दर्ज।
- अवैध खनन मामले में प्रवर्तन निदेशालय–ईडी आज हटिया के पुलिस उपाधीक्षक पी.के. मिश्रा से करेगा पूछताछ।
- बंगाल की खाड़ी में बना एनटी साइक्लोन और टर्फ का असर झारखंड में, राज्य के कई जिलों में 21 मार्च तक वज्रपात और ओलावृष्टि के साथ बारिश की संभावना, मौसम विभाग ने जारी किया ऑरेंज अलर्ट।

******************

वरिष्ठ भाजपा नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन–एनडीए के उम्मीदवारों के समर्थन में पलक्कड में एक रोड–शो के साथ केरल के चुनाव अभियान का शुभारंभ करेंगे।
यह रोड–शो पलक्कड में हैड पोस्ट ऑफिस रोड से कोट्टा मैदान तक एक किलोमीटर का होगा।

******************

निर्वाचन आयोग के आदेश के बाद अरवा राज कमल को गृह सचिव के प्रभार से मुक्त कर दिया गया है। इस संबंध में कार्मिक विभाग की ओर से संबंधित आदेश जारी कर दिया गया है। वहीं राज्य के नए गृह सचिव के लिए तीन नामों का पैनल चुनाव आयोग दिल्ली को भेज दिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार पैनल में कैबिनेट विभाग की प्रधान सचिव वंदना दादेल, भवन निर्माण विभाग के सचिव मनीष कुमार और कृषि सचिव अबु बकर सिद्दिख का नाम शामिल है। जैसा कि आपको मालूम है कि निर्वाचन आयोग ने कल गृह सचिव को हटाने का आदेश दिया था। अब पैनल में भेजे गए तीन नामों में से जिसपर चुनाव आयोग की स्वीकृति मिलेगी, उसे गृह सचिव के पद पर नियुक्त किया जाएगा।

******************

झारखंड लोक सेवा आयोग–जेपीएससी ने रविवार को आयोजित ग्यारहवीं सिविल सेवा पीटी परीक्षा को लेकर कहा है कि किसी भी जिले में प्रश्न–पत्र लीक नहीं हुआ। सभी प्रश्न–पत्र के पैकेट केंद्राधीक्षक के समक्ष ही मजिस्ट्रेट और अभ्यर्थियों की मौजूदगी में खोला गया। प्रश्न–पत्र लीक होने का आरोप और वीडियो वायरल मामले में मिहिजाम में दो प्राथमिकियां दर्ज करायी गयी हैं। इक्कीस नामजद अभ्यर्थियों पर और पचास अज्ञात के विरूद्ध मामला दर्ज कराया गया है। आयोग की ओर से मुख्य सचिव को पत्र लिखकर अफवाह फैलाने वालों पर नए कानून के तहत कार्रवाई करने का आग्रह भी किया गया है।

******************

चतरा के पकरीया स्तिथ उपेंद्र नाथ वर्मा कॉलेज में जे पी एस सी पीटी परीक्षा के दौरान हुए हुए हंगामे के मामले में 35 परीक्षार्थियों ने लिखित रूप से माफ़ी मांगी है। जैसा कि आपको मालूम है कि इस परीक्षा केंद्र पर प्रश्न पत्र लीक होने का आरोप लगाकर 35 विद्यार्थियों ने परीक्षा का बहिष्कार किया था।

******************

जमशेदपुर में जेपी युवा छात्र संघर्ष मोर्चा एवं शहीद स्मारक निर्माण समिति के बैनर तले संपूर्ण क्रांति की 50 वीं वर्षगांठ मनाई गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जेपी आंदोलनकारी एवं तत्कालीन छात्र नेता वशिष्ठ नारायण तिवारी ने कहा कि जयप्रकाश नारायण का जो व्यवस्था परिवर्तन का सपना था, वह आज भी अधूरा है।

******************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।
ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज
All India Radio news पर भी उपलब्ध है।
आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल
@AIR news अंडर स्कोर_ranchi
और
फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा
YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi
पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

******************

संताल में हुए अवैध खनन मामले में प्रवर्तन निदेशालय–ईडी आज हटिया के पुलिस उपाधीक्षक प्रमोद कुमार मिश्रा से पूछताछ करेगा। उनपर आरोप है कि साहिबगंज में अपने पदास्थापन के दौरान उन्होंने बड़हरवा टोल प्लाजा मामले में दर्ज प्राथमिकी में चौबीस घंटे के अंदर सुपरविजन करते हुए पंकज मिश्रा और मंत्री आलमगीर आलम को निर्दोष करार दिया था। पूर्व में टोल विवाद को लेकर दर्ज प्राथमिकी के जांच अधिकारी पूछताछ के दौरान ईडी के समक्ष यह स्वीकार कर चुके हैं कि इस मामले में जांच निष्पक्ष तरीके से नहीं हुई।

******************

खूंटी लोकसभा क्षेत्र के सभी छह विधानसभा क्षेत्रों में कुल एक हजार सात सौ पांच बुथ बनाए गए हैं।

******************

सरायकेला–खरसावां जिले में 20 से 30 मार्च तक शहरी क्षेत्र में वोटर जागरूकता के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला ने कहा कि शहरी क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाकर वोटर अवेयरनेस फ़ोरम के माध्यम से मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग करने को लेकर जागरूक करने का कार्य किया जाएगा ।

******************

सरायकेला–खरसावां जिले के चांडिल थाना क्षेत्र में एनएच– 33 रांची–टाटा हाईवे कान्दरबेड़ा के पास कल शाम हुए भीषण सड़क हादसे में चार युवकों की मौत हो गई है। मृत्यु युवकों की पहचान हो गई है, सभी मृत्यु युवक जिले के आदित्यपुर के रहने वाले हैं। सभी चारों युवक सफेद रंग की कार में सवार थे।

******************

गोड्डा पुलिस ने अवैध शराब पर रोक लगाने की मुहिम तेज कर दी है। पुलिस ने मोतिया ओ पी एवं पथरगामा थाना क्षेत्र के उरकुसिया के पास चेक नाका के पास करीब 450 शराब की बोतलों को बरामद किया है। दो जगह छापे मारकर इन अवैध शराब की बोतलों को बरामद किया गया। होली में शराब की खेप को बिहार भेजे जाने की योजना बनाई जा रही थी।

******************

बंगाल की खाड़ी में बने एनटी साइक्लोन का असर झारखंड में भी देखने को मिल रहा है। कल राज्य के कई हिस्सों में तेज हवाओं के साथ जोरदार बारिश हुई। मौसम विभाग ने इक्कीस मार्च तक वज्रपात और ओलावृष्टि के साथ बारिश की संभावना जतायी है। मौसम विभाग ने राज्य के चार जिलों पूर्वी और पश्चिमी सिहंभूम, सरायकेला–खरसावां और सिमडेगा को छोड़कर सभी जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। कहा गया है कि आज भी राज्य के कुछ हिस्सों में साठ किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं और बारिश होने की संभावना है। जबकि बाईस मार्च से मौसम के शुष्क होने का अनुमान है।

******************

अखबारों की सुर्खियां–

राजधानी रांची से प्रकाशित अधिकांश अखबारों ने प्रवर्तन निदेशालय द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रेस सलाहकार रहे अभिषेक प्रसाद से पूछताछ की खबर को पहले पन्ने की सुर्खी बनायी है।

प्रभात खबर की सुर्खी है – ईडी कार्यालय पहुंचे पिंटू, ग्यारह घंटे तक चली पूछताछ।

दैनिक भास्कर ने लिखा है– चुनाव आयोग की कार्रवाई, सीएम सचिव के साथ गृह सचिव बनाए गए अरवा राज कमल को पद से हटाया।

दैनिक जागरण की सुर्खी है– प्रश्न–पत्र लीक होने की अफवाह फैलाने वाले परीक्षार्थियों पर होगी कार्रवाई, आयोग सख्त।

हिन्दुस्तान लिखता है – चुनावी बॉन्ड का पूरा ब्योरा देने को तीन दिन की मोहलत, सुप्रीम कोर्ट ने जतायी नाराजगी।

राष्ट्रीय नवीन मेल की सुर्खी है– सर्वोच्च न्यायालय ने कहा–इक्कीस तक बॉन्ड संबंधी सभी जानकारी दे एसबीआई।

द टाइम्स ऑफ इंडिया और हिन्दुस्तान टाइम्स ने भी इलेक्टोरल बॉन्ड को लेकर जारी सुप्रीम कोर्ट की खबर को पहले पन्ने की सुर्खी बनायी है।

रांची एक्सप्रेस ने लिखा है – निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया– लोकसभा चुनाव में मीडिया कर्मियों को क्या करना है और क्या नहीं।

************